| | |
|---|---|
| खंगर लगना | सुखंडी रोग होना।दुर्बलता का रोग होना। |
| खंड खंड करना | चकनाचूर करना।टुकड़े टुकड़े करना।धज्जियां उड़ा देना। |
| खंडहर करना | विनष्ट करना।उजाड़ देना। |
| खंडहर होना | उजाड़ होना। |
| खंडी करना | किस्त बांधना। |
| खट से | तुरन्त।तत्काल। |
| खटके पर होना | खटके के सहारे रहना। |
| खटपाटी लेना | हठ या क्रोध के कारण स्त्रियों का काम धंधा छोड़ देना। |
| खटाई देना | गहने आदि को साफ करने के लिए खटाई में रखना। |
| खटाई में डालना | बहुत दिनों तक व्यर्थ किसी चीज या काम को लेकर लटकाये रखना।झमेले में डालना।द्विविधा में रखना।कुछ निर्णय न करना।अनिश्चित अवस्था में रखना।गहना साफ करने के लिए खटाई में डालना। |
| खटाई में पड़ना | द्विविधा में पड़ना।अनिश्चित दशा में होना।खटाई में डाला जाना। |
| खट्टा खाना | अप्रसन्न रहना।मुंह फुलाना।नीचा देखना।विफल होना। |
| खट्टा होना | अप्रसन्न होना। |
| खट्टी कहना | अप्रिय बात कहना। |
| खड़ा करना | ढांचा खड़ा करना।स्थूल रूप से आकार आदि बनाना।विरोध करना।रोकना।तैयार करना।कच्ची सिलाई करना। |
| खड़ा जवाब | तुरन्त।अस्वीकार।वह इनकार जो स्पष्ट किया जाय।साफ इनकार। |

| | |
|---|---|
| खड़ा दांव | जुए का वह दांव जो जुआरी उठते उठते समय लगाते हैं। |
| खड़ा दोना | मिठाई आदि जो किसी पीर को चढ़ाई जाय |
| खड़ा होना | सहायता करना।मदद देना।तैयार होना।चुनाव में उम्मेदवार होना। |
| खड़िया में कोयला | बेमेल बात।अच्छे के साथ बुरे का संयोग। |
| खड़ी पछाड़ें खाना | क्रोध या शोक से पृथ्वी पर गिरगिर पड़ना। |
| खड़ी स्वारी आना | तुरन्त लौट जाने को तैयार होना। |
| खड़े खड़े | खड़े रहने की दशा में।तुरन्त।झटपट। |
| खड़े घाट धोना | घाट पर ही कपड़ा लेकर बिना भट्ठी दिये धोना।कुछ घंटों में ही कपड़ा धो देना। |
| खत खींचना | लकीर खींचना।काटना। |
| खत निकलना | दाढ़ी के बाल उगना। |
| खत बनाना | दाढ़ी और कनपटी के बालों को उस्तरे से बराबर करना।हजामत बनाना। |
| खतम करना | मार डालना। |
| खतम होना | मर जाना।प्राण निकल जाना। |
| खता खाना | धोखे में पड़ना।धोखे में पड़कर हानि उठाना।चूकना।गलती करना। |
| खता होना | कसूर होना।भूल जाना।ठीक-ठीकाने न रहना।(होश)।अनजान में निकल जाना (पेशाब)। |
| खतौनी करना | खाते में चढ़ाना।खतियाना। |
| खपरैल डालना | खपड़े की छत छाना। |
| खप्पर भरना | खप्पर में मदिरा आदि भरकर देवी पर चढ़ाना। |
| खबर उड़ना | चर्चा फैलना।अफवाह होना। |

१८२

| | |
|---|---|
| खबर फैलना | खबर उड़ना। |
| खबर लेना | समाचार जानना।वृतान्त समझना।दीन दशा पर ध्यान देना।सहायता करना।या सहानुभूति दिखलाना।दंडित करना।डांटना।फटकारना। |
| खब्त सवार होना | सनक चढ़ना।पागलपन रहना। |
| खम जाना | मुड़ना।झुकना।दबना।हारना।पराजित होना।नीचा देखना।उ०-(क) पहर रात भर मार मचाई।मुरक्यौ तुरक उहां खम खाई। लाल। (ख) सूदन समर साहि सैन तुन तन गनी हनी देह गोलिन न खाई खेत खम है। सूदन ।(ग) तीन खम खाता है यों लफ्जे कमर तहरीर में। |
| खम ठोंकना | लड़ने के लिए ताल ठोंकना।उ०- आए तंह जहां खल हलकारी।फेंट बांधि खम ठोंकि खरारी। लल्लू। दृढ़ता दिखलाना।ललकारना। |
| खम ठोंक कर | ताल ठोंक कर।दृढ़तापूर्वक।निश्चयपूर्वक।जोर देकर।निडर होकर। |
| खम बजाना | लड़ने के लिए ताल ठोंकना।दृढ़ता दिखलाना। |
| खम मारना | लड़ने के लिए ताल ठोंकना।दृढ़ता दिखलाना। |
| खमीर उठना | आटे आदि का खमीर पैदा हो जाने से फूलकर उठना,फैलना। |
| खमीर खट्टा होना | गुंधे हुए आटे का अधिक उठने के कारण खट्टा होना हो जाना। |
| खयाल में न लाना | लिहाज,परवाह न करना। |
| खयाल में समाना | ध्यान में चढ़ जाना।हर समय याद रहना। |
| खयाल से उतरना | याद न रहना।भूल जाना। |
| खयाली पुलाव पकाना | कल्पना के महल खड़ा करना।अनहोनी बातें सोचना। |
| (घी )खर करना | (घी )गरम करके तपाना। |

| | |
|---|---|
| खरका करना | भोजन के उपरान्त दांतों में फंसे हुए अन्न आदि को तिनके से खोदकर निकालना। |
| खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग पकड़ता है | आदमी जैसे का संग करे वैसा ही हो जाता है। |
| खरल करना | खरल में बारीक पीसना।हल जोतना। |
| खरा आदमी | लेन देन में सफाई रखनेवाला आदमी।व्यवहा में सच्चा मनुष्य।ईमानदार। |
| खरा खेल | साफ मामला।शुद्ध व्यवहार। |
| खरा खेल फर्रुखाबादी | शुद्ध और सच्चा व्यवहार। |
| खरा खोटा | भला बुरा। |
| खरा परखना | भले बुरे की पहचान करना। |
| खराई मारना | जलपान करना।कलेवा करना। |
| खराद पर चढ़ना | ठीक करना।दुरूस्त होना।सुधरना।लौकिक व्यवहार में कुशल होना।अनुभव प्राप्त होना। |
| खराद पर चढ़ाना | ठीक करना।सुधारना।दुरूस्त करना।संवारना। उ०- खैंचि खराद चढ़ाये नहीं न सुढार कै ढरनि मध्य ढराये। सरदार। |
| खरापन बघारना | सच्चाई की डींग मारना।अत्यधिक सच्चा बनना। |
| (किसी को)खराब करना | (किसी पर स्त्री के साथ)कुकर्म करना। |
| खराब होना | दुष्चरित्रा होना।बदचलन होना। |
| खराबी में पड़ना | विपत्ति या दुर्दशा में पड़ना। |
| खरी खरी सुनाना | सच्ची बात कहना,चाहे किसी को भली लगे चाहे बुरा।अप्रिय सत्या कहना। |
| खरी खोटी सुनाना | सच्ची बात कहना,चाहे किसी को भला लगे चाहे बुरा।अप्रिय सत्य कहना। |

| | |
|---|---|
| खरे आये | अच्छे मिले।अच्छे आये (व्यंग्य)। |
| खर्च उठाना | व्यय का भार सहना।खर्च करना। |
| खर्च चलाना | व्यय का निर्वाह करना।आवश्यक व्यय के लिए धन देते रहना। |
| खर्च निकलना | लागत निकल आना। |
| खर्च में डालना | व्यय करने के लिए विवश करना।किसी धन को खर्च के मद में लिखना। |
| खर्च में पड़ना | व्यय करने के लिए विवश होना। |
| खर्चों पर चलना | कुकर्म्म करना।प्रसंग कराना। |
| खर्चों पर जाना | कुकर्म्म कराना।प्रसंग कराना। |
| खर्राटे मरना | बेखबर सोना।गहरी नींद सोना। |
| खर्राटे मारना | बेखबर सोना।गहरी नींद सोना। |
| खर्राटे लेना | बेखबर सोना।गहरी नींद सोना। |
| खल करना | खल में महीन पीसना। |
| खल होना | पीसना।चूर चूर होना।उ०- खल भई लोक लाज कुल कानी। सूर । |
| खलाल देना | मात करना। |
| खलित होना | वीर्यपात होना।उ०- पारबती ऐसी पत्नी जाकी ताको मन क्यों डोला।खलित भये छवि देख मोहिनी हा हा करि के बोला। कबीर । |
| खलियान करना | काटी हुई फसल का ढेर लगाना।तितर बितर करना।नष्ट करना। |
| खवे से खवा छिलना | बहुत भीड़ होना।धक्कम धक्का होना। |
| खसम करना | किसी पुरुष से पति सम्बन्ध स्थापित करना।(स्त्री का)विवाह करना। |
| खस्सी चढ़ाना | बकरे का बलिदान करना। |

| | |
|---|---|
| खा जाना | मार डालना। |
| खा पका जाना | खर्च कर डालना।उड़ा डालना। |
| खा पका डालना | खर्च कर डालना।उड़ा डालना। |
| ख़ाक उड़ना | बरबाद होना।तबाही होना।नाश होना। उजाड़ होना। |
| ख़ाक उड़ाना | ख़ाक छानना।मारा मारा फिरना।उपहास करना।मिट्टी पलीद करना।धूल उड़ाना।जीट उड़ाना। |
| ख़ाक करना | तबाह करना।बरबाद करना।नष्ट भ्रष्ट करना। जलाकर राख कर देना। |
| ख़ाक का पैबंद होना | दफ़न होना।मरना। |
| ख़ाक चाटकर | अति नम्रतापूर्वक (कोई बात कहना)। |
| ख़ाक चाटना | सिर नवाना।नम्रता करना।अनुनय विनय करना स्वीकार करना।धूल चाटना। |
| ख़ाक छानना | बहुत ढूंढना।अच्छी तरह तलाश करना।मारा मारा फिरना।आवारा फिरना।चारों ओर भटकते फिरना। |
| ख़ाक डालना | छिपाना।दबाना।भूल जाना। (ऐब पर)पर्दा डालना। |
| ख़ाक बरसाना | अच्छी दशा न रहना।नष्ट भ्रष्ट हो जाना।उज उजाड़ लगना।धूल उड़ना। |
| ख़ाक में मिलना | बिगड़ना।बरबाद होना।चौपट होना।नष्ट भ्रष्ट होना।धूल में मिलना। |
| ख़ाक में मिलाना | बिगाड़ना।तबाह करना।नष्ट भ्रष्ट करना। सत्यानाश करना। |
| ख़ाक रहना | नष्ट हो जाना। |
| ख़ाक सियाह कर देना | जलाकर राख कर देना।नष्ट कर देना। |

| | |
|---|---|
| ख़ाक सियाह करना | जलाकर राख कर देना।नष्ट कर देना। |
| ख़ाक सिर पर उड़ाना | मातम मनाना।शोक में रोना-धोना। |
| ख़ाक सिर पर डालना | शोक करना।रोना-पीटना। |
| खा जाना | निगल जाना।मार डालना।खर्च कर देना।हजम गबन कर लेना। |
| खा डालना | निगल जाना।मार डालना।खर्च कर देना।हजम गबन कर लेना। |
| खा पका जाना | खर्च कर डालना।उड़ा डालना। |
| खा पी जाना | खा-पीकर खतम करना।उड़ा डालना। |
| खाका उड़ाना | नकल उतारना।एक ही ढाँचे पर बनाना।उपहास करना।निन्दा करना।खिल्ली उड़ाना।बदनाम करना। |
| खाका उतारना | नकल करना। |
| खाजा होना | शिकार होना। |
| खाली खाना | मुँह की खाना।बुरी तरह परास्त और लज्जित होना।उ०- सायुज सचिव सुजोधन भए मुख मलिन खाइ खल खाली। तुलसी । |
| खाट कटना | खाट पर ही मल-मूत्र त्याग का प्रबन्ध होना सख्त बीमार होना। |
| खाट पर पड़ना | बीमार पड़ना।बीमार होकर चारपाई पर पड़ना। |
| खाट से उतारा जाना | आसन्न मरण होना।मरने के समीप होना। |
| खाट से लगना | बहुत बीमार पड़ना।इतना बीमार पड़ना कि उठ बैठ न सकना। |
| खाता कमाता | खाने पीने भर को कमानेवाला।वह व्यक्ति जिसके पास धन संचित न हो। |
| खाता खोलना | हिसाब खोलना।किसी से लेने देन आरम्भ |

| | |
|---|---|
| | करना।~~नया इस्तेमाल शामिल करना~~।नया व्यवहार करना। |
| खाता चलना | लेन देन के व्यवहार का चलता रहना। |
| खाता डालना | हिसाब खोलना।किसी से लेन देन आरम्भ करना। |
| खाता पड़ना | लेन देन आरम्भ होना। |
| खाता बंद करना | हिसाब किताब बंद करना। |
| खाते बाकी | वह रकम जो खाते में बाकी निकलती हो। |
| खाते में पड़ना | किसी के नाम,किसी के हिसाब में लिखा जाना।पक्की बही में लिखा जाना। |
| खादर लगाना | पशुओं के चरने योग्य घास उगना। |
| खानगी ढंग (तौर)से | आपसदारी ढंग से। |
| खाना कमाना | काम धंधा करके जीविका निर्वाह करना।मेहनत मजदूरी करके गुजर करना। |
| खाना खिलाना | अच्छी चीजें बनाकर खाने और दूसरों को खिलाने का शौक रखना। |
| खाना न पचना | चैन न पड़ना।जी न मानना। |
| खाना पीना | भोजन-पान।खाने पीने का सुख भोगना। |
| खाना लहू करना | दुख या चिन्ता करके खाने पीने को निरानंद कर देना।क्रोध या बैर उत्पन्न करना। |
| खाना हराम करना | बहुत कष्ट देना।तंग करना।आराम न मिलना। |
| खाना हराम होना | बहुत कष्ट होना। |
| खाने के दांत और दिखाने के और | बाहर कुछ भीतर कुछ।करना कुछ और प्रकट करना कुछ और। |
| खाने दौड़ना | चिड़चिड़ाना।क्रुद्ध होना। |
| खाते पीते के सुख | सुख से जीवन निर्वाह करनेवाला।सुखी।खुशहाल। |
| खाम पड़ना | घटना।कम पड़ना। |

| | |
|---|---|
| खार उतारना | क्रोध उतारना।बदला लेना। |
| खार गुजरना | बुरा लगना।खटकना। |
| खार खाना | डाह करना।जलना।क्रोध करना।द्वेष करना। |
| खार देना | कष्ट,क्लेष देना। |
| खार निकलना | खटक,जलन मिटना। |
| खार निकालना | बदला लेना।जलन मिटाना। |
| खार लगना | छरछराना। |
| खारिज करना | बाहर करना।निकाल देना।विचार के अयोग्य मानना।नामंजूर करना। |
| खाल उड़ाना | बहुत मारना। |
| खाल उधेड़ना | इतना पीटना कि खाल उड़ जाय।बहुत मारना। |
| खाल खींचना | जीवित शरीर पर से चमड़ा खींचकर अलग कर लेना।बहुत मारना।कड़ा दण्ड देना। |
| खाल खींचकर मूसा मर देना | बहुत मारना।उ०- मुई खाल की सांस सौ। । कबीर । |
| खाल बिगड़ना | दुर्दशा कराने या दंडित होने की इच्छा होना। शामत आना। |
| (अपनी )खाल में मस्त होना | अपनी स्थिति से सन्तुष्ट होना।बेपरवाह होना। |
| खालसा करना | जब्त करना।नष्ट करना।चौपट करना।सरकार का किसी सम्पत्ति का प्रबन्ध अपने हाथ में लेना। |
| खाला ऊंचा | जो समतल न हो।भला बुरा या हानि लाभ। |
| खाला (जी ) का घर | वह काम जिसके करने में अधिक परिश्रम न करना पड़े।सहज काम।उ०- यह तो घर है प्रेम का खाला का घर नाहिं। कबीर । |

| | |
|---|---|
| खाली करना | भीतर कुछ न रहने देना। भीतर की वस्तु या सार निकाल लेना। |
| खाली जाना | निशाने पर न लगना। व्यर्थ होना। |
| खाली दिन | वह दिन जिस दिन कोई नया या शुभ कार्य न किया जाय। |
| खाली देना | हट-बढ़कर वार बचाना। साफ निकल जाना। |
| खाली पेट | बिना कुछ खाये हुए। निरन्ने पेट। बासी मुंह। |
| खाली बैठना | कोई काम धाम न करना। बेरोजगार रहना। बिना जीविका के रहना। बेकार बैठना। |
| खाली हाथ | बिना मुट्ठी में कुछ दाम लिये। बिना कुछ रूपये पैसे के। बिना किसी हथियार के। |
| खाली हाथ लौटना | विफल लौटना। |
| खाली हाथ होना | हाथ या मुट्ठी में रूपया पैसा न होना। अकिंचन या निर्धन होना। हाथ में कोई हथियार न होना। हाथ में लिया हुआ काम समाप्त होना। फुरसत मिलना। अवकाश मिलना |
| खाविंद करना | नया पति करना। |
| खास कर | विशेषत:। प्रधानत:। |
| खास खास | चुने चुने। चुनिंदे। अच्छे और प्रतिष्ठित। |
| खिचड़ी खाना | मकर संक्राति के अवसर पर वधू के मैके से खिचड़ी, चूड़ा, तिलवा आदि का आना, भेजा जाना। |
| खिचड़ी खाते पहुंचा उतरना | अत्यन्त कोमल होना। बहुत नाजुक होना। बहुत नजाकत दिखाना। |
| खिचड़ी छुआना | नव वधू से पहले पहल भोजन बनवाना। |
| खिचड़ी खिलाना | वर और बरातियों को (कन्या पक्षवालों का) कच्ची रसोई खिलाना। |

| | |
|---|---|
| खिचड़ी पकना | गुप्त मंत्रणा होना। |
| खिचड़ी पकाना | गुप्त भाव से कोई सलाह होना। करना। |
| खिचड़ी होना | बालों का पकने लगना। |
| खिड़की फोड़ना | खिड़की बनाना। |
| खिन खिन | प्रति क्षण।हर दम। |
| खिल्ली उड़ाना | हंसी करना।किसी का मजाक उड़ाना। |
| खिसियानी खंभा नोचे | खिसियाया हुआ आदमी अपनी खीस दूसरों पर उतारता है। |
| खीज निकालना | किसी को चिढ़ाने के लिए कोई नइ बात निकालना। |
| खीर चटाना | बच्चे को अन्नप्राशन में खीर खिलाना। |
| खीरा ककड़ी | अत्यन्त तुच्छ वस्तु।गाजर मूली। |
| खीरे ककड़ी की तरह काटना | घड़ाघड़,बिना प्रयास काटना। |
| खीस काढ़ना | बेढंगे तौर से हंसना।दीन होकर कुछ मांगना। मर जाना। |
| खीस जाना | नष्ट होना।उ०- कान्ह कृपाल बड़े नतपाल गये खल खेचर खीस खलाई। तुलसी । |
| खीस डालना | नष्ट करना।उ०- काहे को निर्गुण ज्ञान गनत हो जित तित डारत खीस। सूर । |
| खीस निकालना | गाय,भैंस का दूध गर्भकाल में रुका रहने से उनके थन में जो मांस-कील बन जाती है,उसे खींचकर निकालना।कोई भूल हो जाने पर या असमर्थ होने पर भी निर्लज्जतापूर्वक हंसना। |
| खुगीर की भर्ती | बहुत ही अनावश्यक और व्यर्थ के लोगों या पदार्थों का संग्रह। |
| खुदरा करना | नोट या रुपया भुनाना। |

| | |
|---|---|
| खुदा की मार | ईश्वरी प्रकोप। |
| खुदा के घर जाना | मरना। |
| खुदा को दरमियान देना | ईश्वर को साक्षी बनाना। |
| खुदा खैर करे | ईश्वर कुशल करे।भगवान रक्षा करे। |
| खुदा गंजे को नाखून न दे | ईश्वर ओछे को धन,अधिकार न दे। |
| खुदा न ख्वास्ता | ईश्वर न करे (ऐसा हो)। |
| खुदा हाफ़िज़ | ईश्वर रक्षक है। |
| खुम चढ़ाना | कपड़े को धोने से पहले भट्ठी देना। |
| खुमार तोड़ना | नशे के उतार का अवसाद दूर करने के लिए थोड़ी सी शराब फिर पी लेना। |
| खुरपा सम्भालना | घसियारे का धंधा करना। |
| खुरी करना | घोड़े,बैल आदि सुमवाले पशुओं का पैर से जमीन खोदना।बहुत जल्दी करना। |
| खुल कर | बिना रुकावट के।खूब अच्छी तरह।साफ साफ नि:संकोच।स्पष्टत:।प्रकट रूप से। |
| खुलकर खेलना | लज्जा या कलंक का भय छोड़कर कोई काम सबके सामने करना।निडर होकर कोई काम करना।लज्जा,संकोच त्याग देना। |
| खुल जाना | गांठ से अलग रहना।खो जाना। |
| खुलता रंग | हलका सुहावना रंग।वह रंग जो बहुत गहरा न हो। |
| खुली मुट्ठी होना | दान देने,खर्च करने में उदार होना। |
| खुली सोरठ कहना | खुले आम कहना।नि:संकोच कहना। |
| खुले आम | बेधड़क।सबके सामने।अलानिया। |
| खुले खजाने | बेधड़क।सबके सामने।अलानिया। |

| | |
|---|---|
| खुले दिल का | उदार। साफ दिल। |
| खुले दिल से | उदार। साफ दिल। |
| खुले बंदा | बेधड़क। सबके सामने। |
| खुले बाजार | बेधड़क। सबके सामने। |
| खुले मैदान | खुले खजाने। डंके की चोट। |
| खुशी से फूल उठना | अति प्रसन्न होना। खिल उठना। |
| खूंटा गाड़ना | सीमा निर्धारित करना। हद बांधना। केन्द्र निर्धारित करना। अड्डा बना लेना। जम जाना। |
| खूंटी कसना | सितार, सारंगी आदि के तार कसना। |
| खूंटी निकालना | ऐसा मूंड़ना कि बाल की जड़ तक न रह जाय। |
| खूंटी लेना | इस तरह मूंड़ना कि बालों की खूंटियां निकल जायें। |
| खूंटे के बल कूदना | दूसरे के बल-बूते पर कूदना। इतराना। |
| खून आंखों में उतरना | क्रोध से आंखें लाल हो जाना। अति क्रुद्ध होना। |
| खून उबलना | क्रोध से शरीर लाल होना। गुस्सा चढ़ना। |
| खून करना | हत्या करना। |
| खून का जोश | वंश या कुल का प्रेम। |
| खून का दौरा | शरीर में होनेवाला रक्त का संचार। |
| खून का प्यासा | वध करने का इच्छुक। जान लेने पर तुला हुआ। |
| खून के आंसू रोना | बहुत शोक करना। अतिशय व्यथित होना। |
| खून के घूंट पीना | भारी गुस्से को पी जाना, सह लेना। |
| खून खुश्क होना | अत्यन्त भयभीत होना। |
| खून खौलना | क्रोध से शरीर लाल होना। गुस्सा चढ़ना। अति क्रुद्ध होना। |

| | |
|---|---|
| खून गरदन पर होना | (किसी के) कत्ल का जिम्मेदार होना। |
| खून थूकना | मुंह से खून थूकना। क्षय से पीड़ित होना। |
| खून पानी एक करना | अत्यधिक शारीरिक परिश्रम या प्रयत्न करना। खून पानी की तरह बहाना। |
| खून पानी होना | बहुत गम होना। कठिन कष्ट पहुंचना। |
| खून पीना | मार डालना। बहुत तंग करना। सताना। बहुत दुःख सहना। |
| खून बहाना | मार डालना। रक्तपात करना। |
| खून बिगड़ना | रक्त में किसी प्रकार का विकार होना। कोढ़ी हो जाना। |
| खून मुंह (को) लगना | खून का मजा मिलना। खून का चाट लगना। काटने की आदत पड़ जाना। |
| खून रुलाना | बहुत पीड़ा, क्लेश देना। |
| खून लगना | किसी हिंसक पशु का खूंखार हो जाना। |
| खून लगाकर शहीद बनना | काम का नाम करके उसका यश चाहना। |
| खून लगाकर शहीदों में दाखिल होना | काम का नाम करके उसका यश चाहना। |
| खून सिर पर चढ़कर बोलता है | हत्या का पाप छिपा नहीं रहता। |
| खून सिर पर चढ़ना | किसी को मार डालने या इसी प्रकार का और कोई अनिष्ट करने पर उद्यत होना। ~~खूनी के चेहरे, चेष्टा आदि से भय, घबराहट प्रकट होने लगना।~~ |
| खून सफेद होना | प्रेम, आत्मीयता की भावना न रहना। निठुर हो जाना। |
| खेरे की दूब | अत्यन्त बलहीन, दुर्बल या तुच्छ। उ०- नंद नंदन ले गये हमारी सब ब्रज कुल की ऊब। सूर स्याम तजि और सूझै ज्यों खेरे की दूब। । सूर । |

| | |
|---|---|
| खेत आना | युद्ध में मारा जाना।उ०- खड्गी न खेत आयं कौपित करिदै धायो,भरत बचायो,गुरुरायो रघुबीर को। रघुराज।वीरगति प्राप्त करना |
| खेत कमाना | जुताई,खाद आदि से खेत को उपजाऊ बना- |
| खेत करना | समथल करना।उ०- सौसि कै खेत कै बांधि सेतु करि उतरिबो उदधि न बोहित चाहिबो तुलसी। उदय के समय चन्द्रमा का पहले पहल प्रकाश फैलाना।युद्ध करना।लड़ना। |
| खेत काटना | खेत में उपजी हुई फसल काटना।खड़ी फसल की चोरी करना। |
| खेत छोड़ना | रणभूमि में परास्त होना।रणभूमि छोड़कर भागना।पीठ दिखलाना। |
| खेत पड़ना | युद्ध में मारा जाना। |
| खेत पर चढ़े किसमी | योग्यता का पता काम पड़ने पर लगता है। |
| खेत बदना | लड़ने का स्थान,काल नियत करना। |
| खेत रखना | खेत की रखवाली करना।उ०- राखति खेत खरी खरी खरे उरोजन बाल। बिहारी । युद्ध में विजय प्राप्त करना। |
| खेत रखाना | खेत की रखवाली करना। |
| खेत रहना | युद्ध में मारा जाना। |
| खेत लेना | युद्ध छेड़ना।उ०- सानुज निदरि निपातउं खेत। लीन्ह्यो खेत मारी कुरुराज सौं अकेला जाइ।- । व० व० । |
| खेत होना | युद्ध में मारा जाना। |
| खेती मारी जाना | फसल नष्ट होना। |
| खेती लेट जाना | फसल का अधिक वर्षा या हवा के कारण सीधा खड़ा न रहना,जमीन पर पड़ जाना।नत होना।विनीत हो जाना।प्रभुत्व मान लेना। |

| | |
|---|---|
| खेप लदाना | इतना सामान देना जो बैलगाड़ी आदि पर ढोया जा सके। |
| खेप लादना | बैलगाड़ी पर माल लादना। |
| खेप हारना | माल में घाटा उठाना। |
| खेल करना | किसी काम को अनावश्यक या तुच्छ समझकर हंसी में उड़ाना। |
| खेल के दिन | खेलने-खाने के दिन।लड़कपन। |
| खेल खेलना | चाल चलना। |
| खेल खेलाना | बहुत तंग करना। |
| खेल जानना | बहुत आसान समझना। |
| खेल न होना | साधारण बात न होना। |
| खेल बनना | काम बनना। |
| खेल बिगड़ना | काम खराब होना।रंग में भंग होना। |
| खेल समझना | साधारण या तुच्छ समझना।कुछ न समझना। |
| खेलना खाना | आनन्द से दिन बिताना।निश्चिन्त होकर चैन से दिन बिताना।उ०-(क) खेलत खात रहे व्रज भीतर।नान्ही जाति तकि घन इंतर। सूर । (ख) खेलत खात लरिकपन गो जोबन जुवतिन लियो जीति। तुलसी ।केवल खेलने-खाने से मतलब रखना। |
| खेला-खेलाकर मारना | दौड़ा दौड़ाकर धीरे धीरे मारना।सांसत देकर मारना।उ०- अबहिं बहुत का करौं बड़ाई।हतिहौं तोहि खेलाइ खेलाई। तुलसी । |
| खेली खाई | पुरुष समागम से जानकार। |
| खेवा भी देना और बह भी जाना | पैसे देकर बेवकूफ बनना। |
| खेह खाना | धूल फांकना।मट्टी छानना।झख मारना।व्यर्थ समय खोना।नष्ट जाना।उ०- मुनि |

| | |
|---|---|
| | सीतापति सील सुभाऊ। मोद न मन तन पुलक नयन जल सो नर खेहहिं खाऊ। तुलसी। दुर्दशाग्रस्त होना। उ०- सोई रघुनाथ कपि साथ पाथ बांधि आयो आय-भागे तै खिरिर खेह खाहिगो। तुलसी। |
| खैर बाद कहना | बिदा करना। |
| खैरियत पूछना | कुशल पूछना। |
| खैरियत मिलना | कुशल मिलना। |
| खोंइचा भरना | शकुन के रूप में किसी (स्त्री) के आंचल में चावल, गुड़ आदि देना। |
| खो जाना | गुम हो जाना। किसी चिंता-विचार में डूब जाना। हक्का बक्का हो जाना। |
| खोज खबर लेना | हाल चाल पूछना। पता लेना। |
| खोज पड़ना | पीछे पड़ना। उ०- खली परी सब खोज। |
| खोज मारना | लीक या पद चिन्ह मिटा देना। उ०- खोज मारि रथ हांकहु ताता। आन उपाय बनहिं नहिं बाता। तुलसी। |
| खोज मिटाना | नष्ट करना। ध्वस्त करना। बरबाद करना। चिंह तक न रहने देना। पद चिन्ह मिटाना। |
| खोट होना | दूषित होना। खराब हो जाना। |
| खोटा खरा | भला बुरा। उत्तम और निकृष्ट। |
| खोटा खाना | बेइमानी से या बुरी तरह से कमाकर खाना। उ०- फाटक दै के हाटक मांगत भोरो निपट सुधारी। धुर ही तै खोटो खायो है लिये फिरत सिर मारी। सूर। |
| खोटी करना | खोटापन या बुराई करना। |
| खोटी खरी सुनाना | दुर्वचन कहना। डांटना। फटकारना। |

| | |
|---|---|
| खोटी बोलना | बुरी बात बोलना। |
| खोद खोदकर पूछना | एक एक बात पर शंका करके पूछना। अच्छी तरह पूछना। पूरी बात जानने के लिए जिरह करना। |
| खोन्चा लगाना | बेचने के लिए खोन्चे में मिठाई सजाना या रखना। |
| खोपड़ी खा जाना | बहुत बात करके तंग करना। |
| खोपड़ी खाली हो जाना | मस्तिष्क में बातें करते करते शिथिलता आ जाना। अधिक श्रम से दिमाग थक जाना। |
| खोपड़ी खुजलाना | ऐसी कोई बात या शरारत करना जिससे मार खाने की नौबत आवे। मार खाने को जी चाहना। सिर पर जूता मारना। |
| खोपड़ी गंजी करना | मारते मारते सिर के बाल न रहने देना। सिर पर खूब जूते लगाना। मार या व्यय आदि के कारण परेशान होना। |
| खोपड़ी गंजी होना | इतनी मार खाना कि सिर के बाल झड़ जायं। सिर पर खूब जूते पड़ना। |
| खोपड़ी चटकना | अधिक धूप, प्यास या पीड़ा के कारण सिर में गर्मी और चक्कर मालूम होना। सिर ठनकना। |
| खोपड़ी चाट जाना | बकवाद करके तंग करना। |
| खोया-खोया रहना | किसी चिंता-विचार में निमग्न रहना। गुम-सुम रहना। |
| खोया जाना | चकपका जाना। सिटपिटा जाना। घबराना। हक्का बक्का होना। |
| खौरी करना | राख में मिला देना। राख के रूप में कर देना। सोने या चांदी की राख कर देना। |
| ख्याल करना | सोचना। याद करना। खयाल करना। |

| | |
|---|---|
| ख्याल पड़ना | ध्यान में आना।याद आना।किसी के पीछे पड़ना।किसी को तंग या परेशान करने पर उतारू होना।उ०- राधा मन में यही बिचारति।ये सब मेरे ख्याल परे हैं अबहीं माखन ते निकारति। सूर। |
| ख्याल पर चढ़ना | ध्यान में आना।याद आना। |
| ख्याल बांधना | अनुमान लगाना।कल्पना करना। |
| ख्याल में आना | समझ में आना। |
| ख्याल में लाना | रियायत करना।महत्वपूर्ण समझना। |
| ख्याल रखना | ध्यान रखना।देखते भालते रहना।याद रखना स्मरण रखना।कृपादृष्टि रखना। |
| ख्याल रहना | याद रहना। |
| ख्याल से उतर जाना | भूल जाना।विस्मृति हो जाना। |
| ख्याल से उतरना | भूल जाना।विस्मृत हो जाना। |
| ख्याली पुलाव पकाना | असम्भव बातें सोचना।मनोराज्य करना। |